बरेली, मंगलवार
26 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

PAGE NO. 10, BOTTOM

मिशन व राधा माधव क्वार्टर फाइनल में

जासं, बरेली: श्रीराममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन दो नाकआउट मैच खेले गए। पहला मैच मिशन पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच हुआ तो दूसरा मैच राधा माधव और सेक्रेड हार्ट्स स्कूल के बीच खेला गया। मिशन पब्लिक स्कूल और राधा माधव स्कूल ने जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिशन पब्लिक स्कूल के असद हुसैन और राधा माधव के अनिल गंगवार को मैन आफ द मैच चुना गया।

राधा माधव स्कूल के अमरेंद्र कुमार को मैन आफ द मैच की ट्राफी देते टूर्नामेंट के पदाधिकारी • सौजन्य से एसआरएमएस

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट ग्राउंड पर पहला मैच मिशन पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच खेला गया। आदर्श निकेतन स्कूल ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मिशन पब्लिक स्कूल ने 20 ओवर में 152 रन बनाए, जिसमें आलराउंडर असद ने 66 गेंदों में 68 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आदर्श निकेतन स्कूल की टीम 54 रन पर ढेर हो गई। असद हुसैन को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में सेक्रेड हार्ट्स की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 70 रन पर सिमट गई। राधा माधव स्कूल की टीम ने छह विकेट से मैच जीत लिया। इसमें विकेटकीपर अमरेंद्र ने नाबाद 35 रन बनाए। राधा माधव के गेंदबाज अनिल गंगवार को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।